# नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन के दौरान दिग्विजय सिंह गिरफ्तार

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 30 मई. नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में शनिवार को राजधानी भोपाल में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक माहौल और अधिक गरमा गया तथा प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बन गई.**

एनएसयूआई के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए मार्च निकाला. प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि नीट परीक्षा में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए. हालांकि, पुलिस ने रेडक्रॉस चौराहे पर बैरिकेडिंग कर जुलूस को आगे बढ़ने से रोक दिया. स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार सहित कुछ कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने पांच बार वाटर कैनन का उपयोग किया, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हुए.

इस बीच, रातीबड़ थाने में हिरासत के दौरान दिग्विजय सिंह और अन्य नेताओं ने शांतिपूर्ण विरोध जारी रखा. उन्होंने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन गाकर अपनी गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया.





> पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिग्विजय सिंह सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को हिरासत में ले लिया. गिरफ्तार नेताओं में पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, सिलवानी विधायक एवं रायसेन जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल तथा विदिशा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी भी शामिल हैं. सभी को बस के माध्यम से रातीबड़ थाना ले जाया गया. दिग्विजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ गया. प्रदर्शन और उग्र हो गया तथा पुलिस के साथ झड़प की स्थिति निर्मित हो गई. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस लाठीचार्ज में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार सहित कई कार्यकर्ता घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए सिद्धांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## जहरीला पदार्थ खाने के बाद तहसीलदार की बिगड़ी तबीयत

**श्योपुर, 30 मई.** श्योपुर कलेक्ट्रेट में देवेंद्र गोयल की खुदकुशी के बाद विवादों में घिरीं तहसीलदार मनीषा मिश्रा की तबीयत बिगड़ गई. उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है. लगातार लग रहे आरोपों और प्रशासनिक दबाव के कारण वे तनाव में थीं. अस्पताल में प्रशासनिक अधिकारी उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे। जहां ब्राह्मण महासभा ने ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की। खुदकुशी की घटना मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान हुई थी.

## बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने रहें तत्पर

**ऊर्जा मंत्री ने किया एमपी ट्रांसको के 132 केवी भिण्ड सब स्टेशन का औचक निरीक्षण**



**भिण्ड, 30 मई. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भिण्ड जिले के आईटीआई स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 केवी सबस्टेशन का औचक निरीक्षण किया।**

ऊर्जा मंत्री ने सबस्टेशन की कार्यप्रणाली, सबस्टेशन में वर्तमान लोड की स्थिति, कंट्रोल रूम के पैनल, बैटरी सेट के साथ स्विच यार्ड में उपकरणों का निरीक्षण कर सबस्टेशन के मेंटेनेंस के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने मई माह एवं इसके पूर्व हुई ट्रिपिंग के एंट्री रजिस्टर को चेक किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवरोध के कारण को समझकर हल निकालें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को अवरोध की जानकारी दें, किस कारण से विद्युत अवरोध हुआ है, इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर अपलोड करें और मुझे, विधायक और जिला अध्यक्ष को टैग करें।

## सीएम ने पुष्पराजगढ़ में हुई सड़क दुर्घटना पर जताया दु:ख



**भोपाल, 30 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले में पुष्पराजगढ़ के ग्राम बिजौरा में श्रद्धालुओं को लेकर मंदिर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना में 6 लोगों के असामयिक निधन और कुछ लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं. दुर्घटना में घायलों का उपचार जारी है.

## 1.18 करोड़ मूल्य की अवैध शराब की नष्ट

**आलीराजपुर,30 मई.** जिले में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में आलीराजपुर पुलिस एवं आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.18 करोड़ से अधिक मूल्य की जब्तशुदा अवैध शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया। यह कार्रवाई माननीय न्यायालय से निराकृत प्रकरणों के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न थानों के मालखानों में रखी जब्तशुदा शराब के सुरक्षित एवं विधिसम्मत निस्तारण के लिए कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला आलीराजपुर द्वारा एक विशेष संयुक्त समिति का गठन किया गया था। समिति में अपर कलेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) तथा थाना प्रभारियों को शामिल किया गया था.

### एक नजर में



#### युवक पर पिस्टल से फायरिंग, पेट में लगी गोली

**जबलपुर.** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम खमदेही में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने युवक की हत्या करने की नीयत से तीन राउंड फायर किए, जिसमें से एक गोली युवक के पेट में जा लगी। घायल को गंभीर हालत में शासकीय अस्पताल पाटन में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका इलाज जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम खमदेही निवासी देवेन्द्र रैकवार (31) का करीब 6 महीने पहले गांव के ही छोटेलाल चौधरी से किसी बात पर विवाद हुआ था. छोटेलाल गांव के रामनारायण पटेल के यहाँ काम करता था।

#### मकान की खुदाई में मिला 12 किलो का जिंदा बम

**जबलपुर.** डुमना एयरपोर्ट के नजदीक गदेरी में एक निर्माणाधीन मकान में खुदाई के दौरान 12 किलोग्राम वजनी का जिंदा विशाल सैन्य बम मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बम मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि डुमना एयरपोर्ट के पास स्थित ग्राम गदेरी में सुनील यादव के एक प्लॉट पर मकान निर्माण का कार्य चल रहा था। नींव के लिए जब मजदूर जमीन की खुदाई कर रहे थे, तभी अचानक मिट्टी के नीचे एक भारी और संदिग्ध धातु की वस्तु दिखाई दी। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह एक विशाल सैन्य बम है। मौके पर पहुंची बम स्क्वॉड की टीम ने जांच के बाद पुष्टि की कि यह एक यूएक्सओ जिंदा बम है।

#### श्रमदान कर दूसरे दिन 150 डंपर मिट्टी निकाली

**सोनकच्छ।** नगर का एकमात्र जलस्त्रोत कालीसिंध नदी है। जो कि इन दिनों कई स्थानों पर पूर्ण रूप से सूख चुकी है। जिसके कारण आमजन को इन दिनों जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर नप अध्यक्ष शरुति बघेल ने शुक्रवार को स्वयं के व्यय से नदी गहरीकरण का कार्य शुरू करवाया था। शुक्रवार को पोकलेन के माध्यम से 150 ट्रॉली व 25 डंपर मिट्टी निकाली गई थी। इसी क्रम को जारी रखते हुए शनिवार सुबह से ही गहरीकरण का कार्य शुरू किया गया। जिसके अंतर्गत 400 ट्रॉली व 150 डंपर मिट्टी निकाली गई। यह आंकड़ा शाम 6 बजे तक का लिया गया।

## कागजों के ढेर से मिलेगी मुक्ति : अब होगी डिजिटल जांच

**320 अनुसंधानकर्ताओं को मिल रहे ई-विवेचना टैबलेट, रियल टाइम में अपलोड होंगे साक्ष्य**

**आमजन को भी बेहतर पुलिस सेवाओं का मिलेगा लाभ**

> जिले को पूर्व में मिले 25 ई-विवेचना टैबलेट्स के माध्यम से अब तक 9 हजार से अधिक डिजिटल विवेचना कार्रवाईया सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं। पुलिस का मानना है कि नई व्यवस्था से जांच अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी, वहीं आमजन को भी बेहतर पुलिस सेवाओं का लाभ मिलेगा।

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में रतलाम पुलिस ने एक और बड़ा कदम उठाया है। अब आपराधिक प्रकरणों की जांच पारंपरिक कागजी प्रक्रिया के बजाय डिजिटल माध्यम से होगी।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ करीब 320 अनुसंधानकर्ताओं को 'ई-विवेचना' टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। ई-विवेचना प्रणाली के जरिए विवेचना अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचते ही आवश्यक दस्तावेज तैयार कर उन्हें सीधे सिस्टम पर अपलोड कर सकेंगे। केस डायरी, नक्शा मौका, गिरफ्तारी पत्रक, जप्ती पंचनामा, अभियुक्त सूचना पत्र, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, एमएलसी और मर्ग जांच पत्रक जैसी प्रक्रियाएं अब डिजिटल रूप से संपादित होंगी।

टैबलेट की मदद से घटनास्थल के फोटो, वीडियो और अन्य डिजिटल साक्ष्य भी तत्काल संकलित कर मुख्य सर्वर पर अपलोड किए जा सकेंगे। इससे जांच प्रक्रिया तेज होने के साथ साक्ष्यों के संरक्षण और दस्तावेजीकरण की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

ई-विवेचना एप सीधे सीसीटीएनएस से जुड़ा हुआ है, जिससे विवेचना संबंधी समस्त जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को रियल टाइम में उपलब्ध होगी। इससे प्रकरणों की मॉनिटरिंग और समीक्षा भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी। इन टैबलेट्स में ई-विवेचना के अलावा ई-रक्षक और ई-साक्ष्य जैसे महत्वपूर्ण एप भी उपलब्ध हैं। इनके माध्यम से अपराधियों का रिकॉर्ड देखने तथा डिजिटल साक्ष्यों के प्रबंधन में सुविधा मिलेगी।

## गांधीसागर बैकवाटर में नहाते समय पिता-पुत्र डूबे

**नीमच, 30 मई.** जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमली आत्री में शुक्रवार शाम गांधीसागर बांध के बैकवाटर में नहाने के दौरान पिता और पुत्र की डूबने से मौत हो गई. पहले बेटा पानी में डूबने लगा, उसे बचाने के प्रयास में पिता भी गहरे पानी में चले गए और दोनों लापता हो गए. जानकारी के अनुसार, 40 वर्षीय दशरथ सिंह राजपूत अपने 20 वर्षीय पुत्र पवन सिंह के साथ खेत से लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों गांव के पास स्थित बैकवाटर में नहाने लगे. नहाते समय पवन सिंह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसे बचाने के लिए पिता ने पानी में छलांग लगाई, लेकिन दोनों ही वापस नहीं निकल सके.

## निर्माणाधीन कार्यों में हो गुणवत्ता : शुक्ल



**भोपाल, 30 मई. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा शहर में विभिन्न निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मातृ-शिशु अस्पताल तथा पीजी हॉस्टल, पीईटी स्कैन सेंटर एवं कैंसर अस्पताल का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके.

इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन नैकहाई शौर्य स्मारक का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की तथा स्मारक के निर्माण को निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कुठुलिया-रौसर सड़क का भी निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति देखी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से आमजन को बेहतर एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। उप मुख्यमंत्री ने अमहिया रीवा स्थित निवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजनों की अपेक्षाओं एवं समस्याओं पर सुनवाई करते हुए यथोचित कार्यवाही के लिए सम्बन्धित स्टाफ को निर्देशित किया.

## जीजा ने साले पर कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला

**पति-पत्नी के विवाद में बीच बचाव करने पहुंचा था भाई**

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 मई. रीवा शहर में पति-पत्नी के बीच हुये विवाद में जीजा ने अपने ही साले पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया. घटना शहर के बिछिया थाना क्षेत्र बदरांव स्थित कहारन टोला की है, जहां आज सुबह एक दूसरे से अलग रहने वाले पति पत्नी के बीच हो रहे विवाद में बहन को बचाने पहुंचे भाई पर जीजा नें कुल्हाड़ी से हमला कर दिया.**

फिलहाल हमले में युवक के सिर और पेट में गंभीर चोटे आई है, जिसे उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना के संबंध में घायल आशीस सोंधिया की बहन काजल सोंधिया नें जानकारी देते हुये बताया कि उसका विवाह साल 2017 में राम सरोज सोंधिया के साथ हुआ था. लेकिन पति की प्रताडना से तंग आकर वह पति से अलग रहने लगी फिर भी पति उसका पीछा नहीं छोड रहा था. पीडिता के मुताबिक आज सुबह पति नें उसे मिलने बुलाया और जब वह अपने भाई के साथ पहुंची तो उसने मारपीट शुरु कर दी.

> पीडिता के मुताबिक जब पति उसके साथ मारपीट कर रहा था तभी वहां मौजूद भाई नें बीच बचाव किया, जिस दौरान पति नें उसके भाई पर ही कुल्हाडी से हमलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. पीडिता का आरोप है कि उसने बिछिया थाने में पति के खिलाफ पूर्व में ही शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस नें कोई कार्यवाही नहीं की जिसका नतीजा है कि आज उसका भाई जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है. फिलहाल घायल को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल लाया गया है, जहा उसका इलाज चल रहा है.

## केंद्र की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाएं

**खरगोन, 30 मई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शनिवार को खरगोन जिले के बड़वाह में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया. बैठक में 5 जून से 21 जून तक केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई.**

डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्ष पूरे किए हैं. इन वर्षों में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं और जनता को सरकार की योजनाओं एवं कार्यों से अवगत कराएं. उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त संगठन है, जिसकी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है. आगामी जनसंपर्क, जनजागरण और संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं और नीतियों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा.



**तैयारियों और अभियान की रणनीति पर विस्तार से हुई चर्चा**

प्रदेश प्रभारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, हर घर जल, किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया और महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से लाभार्थियों से संपर्क कर योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आग्रह किया. बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई. इस दौरान प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी संगीता सोनी, जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, विधायक राजकुमार मेव, सचिन बिरला सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



## गोवंश हत्या पर 7 गिरफ्तार पुलिस ने निकाला जुलूस

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिला मुख्यालय के मोघाट रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ियातुला में ईद के मौके पर गोवंश काटने का एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसके बाद पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया।

वारदात शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे की है, जब आरोपी एक खेत पर गाय की कुर्बानी देने के बाद उसके सिर और पैर पॉलिथीन में भरकर सड़क किनारे फेंकने की फिराक में थे। जांच में खुलासा हुआ है कि गोहत्या से पहले बाकायदा एक मौलाना को बुलाकर कलमा पढ़वाया गया और ज़बिा करवाई गई। इस घटना की भनक लगते ही पड़ोसी गांव सिहाड़ा के कुछ हिंदू युवा मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी अपनी मोटर साइकिलें छोड़कर भाग निकले।

आक्रोशित युवाओं ने पुलिस की मौजूदगी में ही आरोपियों की दो बाइकों में जमकर तोड़फोड़ कर दी। मामले की सूचना केदारनाथ यात्रा पर गए सिहाड़ा के सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चौहान को मिली थी, जिन्होंने स्थानीय युवाओं को इस कृत्य के बारे में सतर्क किया था। मामले के तूल पकड़ते ही विधायक कंचन मुकेश तनवे ने भी इस पर कड़ा रुख अपनाया है। विधायक ने खंडवा पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस कृत्य को हिंदू धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ और धार्मिक उन्माद फैलाने की जानबूझकर की गई साजिश बताया है।

विधायक ने मांग की है कि मामले में मुंदवाड़ा के मौलाना को मुख्य आरोपी बनाया जाए, सभी अपराधियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जाएं, और उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत सख्त केस दर्ज किया जाए। साथ ही, उन्होंने धार्मिक भावना भड़काने का केस पंजीकृत करते हुए इस पूरे मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की पुरज़ोर मांग की है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी अभिनव बारंगे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

> पुलिस ने गोवंश का मांस, चाकू-छुरे और वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त कर शनिवार सुबह करीब 5 बजे मामले में एफआईआर दर्ज की। सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए मोघट रोड थाना और रामेश्वर चौकी का अतिरिक्त पुलिस बल गांव में तैनात कर दिया गया है।
>
> पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों में से 7 को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों में रमजान खान, जहांगीर उर्फ गोलू, वसीम पटेल, सलमान, खालिद खान, अब्दुल खान और युनूस पटेल शामिल हैं।
>
> पुलिस ने इन सभी आरोपियों का सरेराह जुलूस निकाला, जहां आरोपी सरेबाजार अपने कान पकड़कर माफी मांगते हुए नजर आए। पुलिस और प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

**स्वच्छ सर्वेक्षण** | मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेशवासियों का किया अभिनंदन

# सिटीजन फीडबैक में मप्र देश में पहले नंबर पर

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 30 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को धरातल पर अक्षरश: चरितार्थ करने तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र ने स्वच्छता के क्षेत्र में पुन: एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है.**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत संचालित देशव्यापी सिटीजन फीडबैक अभियान में, वर्ष 2011 की जनगणना के मानदंडों के आधार पर, मप्र समस्त राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में देश में प्रथम स्थान पर रहा है. प्रदेश के 35.69 लाख से अधिक जागरूक नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यमों से अपनी सहभागिता दर्ज कराकर न केवल स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है, अपितु यह भी सिद्ध कर दिया है कि डिजिटल इंडिया के युग में मध्यप्रदेश के नागरिक तकनीकी रूप से आगे हैं.

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेशवासियों और अथक परिश्रमी सफाई मित्रों का अभिनंदन किया है. उन्होंने कहा कि नागरिकों की अटूट जागरूकता और विभागीय अमले की कर्तव्यनिष्ठता के समन्वय से ही प्रदेश स्वच्छता के उच्च शिखर पर निरंतर गतिमान है. राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 की टीम द्वारा इस वर्ष एक अनूठी 360 डिग्री रणनीति का क्रियान्वयन किया गया.

इस समेकित कार्ययोजना के तहत सभी नगरीय निकायों के सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से 60 लाख से अधिक जनमानस तक पहुंच स्थापित की गई. इसके अतिरिक्त पारंपरिक और आधुनिक संचार माध्यमों जैसे कचरा संग्रहण वाहनों, समाचार पत्रों, रेडियो, दूरदर्शन के ऑडियो-वीडियो संदेशों तथा घर-घर जाकर चलाए गए सघन जन-जागरूकता अभियानों से समाज के हर वर्ग को इस पुनीत कार्य से जोड़ा गया.

> डिजिटल सहभागिता को सुगम और व्यापक बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तर से एक करोड़ से अधिक लक्षित एसएमएस प्रेषित किए गए. इसके साथ ही, आधुनिक युग के प्रभावशाली संचारकों—सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स—का भी सहयोग लिया गया, जिससे युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह का संचार हुआ. इस व्यापक और भगीरथ प्रयास का परिणाम धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है. विशेष रूप से प्रदेश की राजधानी भोपाल के नागरिकों में इस वर्ष अपूर्व उत्साह देखा गया है. जहां गत वर्ष भोपाल में मात्र 5.13 हजार नागरिकों ने अपना फीडबैक दिया था, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा 3.86 लाख को पार कर गया है. विभागीय अधिकारियों के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन की टीमें पूरी सक्रियता से धरातल पर कार्य कर रही हैं जिससे इस गति को और अधिक तीव्र किया जा सके और प्रदेश स्वच्छता के पायदान पर शीर्ष पर बना रहे.